नईदुनिया

डायपर के सही उपयोग और सुरक्षित निपटान पर बढ़ानी होगी जागरूकता: एम्स शोध

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: छोटे बच्चों की देखभाल में डायपर का उपयोग आज आम हो गया है, लेकिन इसके सही इस्तेमाल और सुरक्षित निपटान को लेकर जागरूकता अभी भी पर्याप्त नहीं है। एम्स के नर्सिंग कॉलेज की एमएससी (पीडियाट्रिक नर्सिंग) छात्रा मीना के शोध में सामने आया कि शहरी माताओं को डायपर के सही उपयोग की जानकारी ग्रामीण माताओं की तुलना में अधिक है।

हालांकि, हाथों की स्वच्छता और इस्तेमाल किए गए डायपर के सुरक्षित निपटान के मामले में दोनों समूहों में जागरूकता की कमी पाई गई।

यह अध्ययन भोपाल के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की 276 माताओं पर किया गया, जिनके 0 से 36 महीने तक के बच्चे डायपर का उपयोग करते थे।

शोध में डायपर के चयन, बदलने की आवृत्ति, स्वच्छता, निपटान और रैश से बचाव जैसे पहलुओं का मूल्यांकन किया गया। अध्ययन के अनुसार, शहरी माताओं का औसत ज्ञान स्कोर 14.47 रहा, जबकि ग्रामीण माताओं का 12.51 था। शहरी क्षेत्रों की 40.6 प्रतिशत माताओं को डायपर उपयोग संबंधी अच्छी जानकारी थी, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह आंकड़ा 14.5 प्रतिशत रहा। शोध में यह भी स्पष्ट हुआ कि गलत तरीके से डायपर उपयोग करने पर बच्चों में रैश, त्वचा में जलन, फंगल संक्रमण और गंभीर जीवाणु संक्रमण जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

शोधकर्ताओं ने निष्कर्ष निकाला कि केवल डायपर पहनाना ही पर्याप्त नहीं है।

समय पर डायपर बदलना, बच्चे की त्वचा को साफ और सूखा रखना, डायपर बदलने से पहले और बाद में हाथ धोना तथा इस्तेमाल किए गए डायपर का सुरक्षित निपटान भी उतना ही जरूरी है।

अध्ययन में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों की माताओं के लिए डायपर स्वच्छता और सुरक्षित उपयोग पर स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रमों की आवश्यकता बताई गई, ताकि शिशुओं का स्वास्थ्य सुरक्षित रहे और पर्यावरण भी स्वच्छ बना रहे।

निगम द्वारा जल परीक्षण, लीकेज सुधार एवं शिकायतों के निराकरण हेतु कार्यवाही

नप्र, भोपाल: नगर निगम, भोपाल द्वारा शहर के नागरिकों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने हेतु पानी की गुणवत्ता की जांच, लीकेज सुधार एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण संबंधी कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी तारतम्य में निगम अमले ने शुक्रवार को विभिन्न झुग्गी बस्तियों सहित संपूर्ण शहर से जल के परीक्षण हेतु कुल 55 स्थानों से जल के नमूने लिये गये। निगम द्वारा 08 परीक्षण शालाओं के माध्यम से जल का परीक्षण किया जा रहा है। निगम अमले ने 23 स्थानों पर पाईप लाईनों के लीकेज सुधारे और सी.एम.हेल्पलाईन एवं महापौर हेल्पलाईन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों में से 02 शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण ढंग से निराकरण किया गया।

महापौर श्रीमती मालती राय के निर्देश एवं निगम आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन के आदेश पर नगर निगम, भोपाल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के दलों ने शहर की झुग्गी बस्तियों सहित संपूर्ण शहर में कुल 55 जल के नमूने लेकर गंध, रंग, स्वाद, रेसिडुअल क्लोरीन, पीएच, टरबीडिटी व बैक्टेरिया की जांच 08 परीक्षण शालाओं के माध्यम से कराई जा रही है।

निगम अमले ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 23 स्थानों पर पाईप लाईनों के लीकेज भी सुधारे और सी.एम.हेल्प लाईन, महापौर हेल्प लाईन सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों में से 02 शिकायतों का निराकरण संतुष्टिपूर्ण ढंग से किया।निगम अमले ने अभी तक झुग्गी बस्ती क्षेत्रों के 10674 स्थानों सहित शहर में कुल 23127 जल के नमूने लेकर 08 परीक्षण शालाओं के माध्यम से जल की गुणवत्ता की जांच कराई साथ ही 6575 लीकेज सुधारे।

सार्वजनिक स्थलों पर स्वतंत्र विचरण करने वाले पशुओं को हटाने की कार्यवाही

नप्र, भोपाल: नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्वतंत्र विचरण करने वाले पशुओं को पकड़कर कांजी हाउसों में भेजने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के गौवर्धन परियोजना शाखा के अमले ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्वतंत्र विचरण करने वाले 20 पशुओं को पकड़कर कांजी हाउसों में एवं बीमारञ्चघायल 04 पशुओं को आसरा पशु चिकित्सालय भेजने की कार्यवाही की जबकि हाका पार्टी द्वारा 15 पशुओं को सड़कों से हटाया।

निगम अमले ने 20 पशुओं को गौशाला भेजने की कार्यवाही की। निगम आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम की गोवर्धन परियोजना शाखा के अमले ने शहर के अन्ना नगर, पिपलानी, अपेक्स बैंक 10 नंबर स्टॉप, शाहपुरा, नेहरू नगर, कोटरा, भदभदा, सूरज नगर, लांबाखेड़ा, नवीबाग, भोपाल मेमोरियल हास्पिटल, भानपुर, पीपुल्स मॉल, करोद चैराहा, नयापुरा, जेल रोड, आशाराम चैराहा, व्हीआईपी रोड, खानूगांव, रायल मार्केट, शाहजहांनाबाद आदि क्षेत्रों में सघन अभियान चलाकर सड़कों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्वतंत्र रूप से विचरण कर रहे पशुओं को पकड़ने की कार्यवाही करते हुए 20 पशुओं को पकड़कर कांजी हाउसों में एवं बीमारञ्चघायल 04 पशुओं को आसरा पशु चिकित्सालय भेजने की कार्यवाही की जबकि हाका पार्टी द्वारा 15 पशुओं को सड़कों से हटाया। निगम अमले ने 20 पशुओं को अरवलिया कांजी हाउस से गौरी गोपाल गौशाला भेजने की कार्यवाही की।

भोपाल-राजगढ़ में थिंक गैस का विस्तार 80 हजार घरों तक पहुंची पीएनजी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: थिंक गैस ने भोपाल और राजगढ़ क्षेत्र में अपने सिटी गैस नेटवर्क का तेजी से विस्तार करते हुए 80 हजार से अधिक घरों तक पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की पहुंच बना ली है। कंपनी ने 206 किलोमीटर स्टील पाइपलाइन बिछाई है, जिसमें से 189 किलोमीटर चालू हो चुकी है। अगले छह महीनों में 6,000 नए घरेलू तथा 25 व्यावसायिक एवं औद्योगिक कनेक्शन देने की योजना है।कंपनी वर्तमान में 42 सीएनजी स्टेशन संचालित कर रही है, जिनमें बगरोदा का एलसीएनजी स्टेशन भी शामिल है।

आगामी छह महीनों में 9 नए सीएनजी स्टेशन शुरू या अपग्रेड किए जाएंगे, जिससे इनकी संख्या बढ़कर 51 हो जाएगी। थिंक गैस ने भोपाल की 8 से अधिक आवासीय सोसायटियों को 'एलपीजी फ्री जोन' घोषित किया है, जहां पीएनजी उपलब्ध होने के बाद उपभोक्ताओं को एलपीजी से पीएनजी अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। रीजनल हेड डी.एस. दुर्गेश ने कहा कि कंपनी स्वच्छ, सुरक्षित और भरोसेमंद ऊर्जा की पहुंच बढ़ाने के लिए पाइपलाइन नेटवर्क, सीएनजी स्टेशन और डिजिटल सेवाओं का लगातार विस्तार कर रही है। इसके साथ ही लोगों को पीएनजी और सीएनजी के उपयोग के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न अभियान भी चलाए जा रहे हैं।

हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पर आरएनटीयू में राष्ट्रीय संगोष्ठी

नप्र, भोपाल: रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा हिंदी पत्रकारिता के 200 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 'समकालीन हिंदी पत्रकारिता : परंपरा, परिवर्तन और भविष्य' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 10 और 11 जुलाई 2026 को किया जाएगा।

जिसके लिए शोध पत्र आमंत्रित किए गए हैं। पूर्ण शोध-पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 8 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है।

संगोष्ठी का उद्देश्य हिंदी पत्रकारिता की दो शताब्दियों की गौरवशाली यात्रा, उसके सामाजिक-सांस्कृतिक योगदान, समकालीन चुनौतियों तथा भविष्य की संभावनाओं पर गंभीर विमर्श करना है। इस अवसर पर देशभर के शिक्षाविद्, मीडिया विशेषज्ञ, शोधार्थी, पत्रकार एवं विद्यार्थी अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। यह आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय साहित्य एवं कला महोत्सव तथा स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के सहयोग से आयोजित होगा।

टीटीई की सतर्कता से घर से भागी महिला यात्री सुरक्षित सुपुर्द

नप्र, भोपाल: पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल में टीटीई द्वारा सतर्कता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए घर से भागी एक महिला यात्री को सुरक्षित सुपुर्द कर उसे उसके परिजनों से मिलाने की दिशा में त्वरित कार्रवाई की गई। आनड्यूटी भोपाल मंडल के गुना के टीटीई नरेश धाकड़ ने टिकट चेकिंग के दौरान गाड़ी संख्या 04114 हुबली-प्रयागराज स्पेशल के एस-5 स्लीपर कोच के बर्थ संख्या 42 पर नागपुर से ग्वालियर जनरल टिकट के साथ यात्रा करते हुए मिली। उस कोच के सहयात्री से महिला की मानसिक स्थिति सामान्य नहीं प्रतीत होने की जानकारी मिली। गहन पूछताछ से पता चला कि महिला नागपुर निवासी है एवं घर से भागी हुई है। टीटीई ने तत्परता दिखाते हुए महिला को उसके परिजन को सुरक्षित सुपुर्दगी की कारवाई के लिए रेल सुरक्षा बल ग्वालियर को सुपुर्द किया। महिला के पास उपलब्ध यात्रा टिकट एवं अन्य विवरणों के आधार पर उसके परिजनों से संपर्क स्थापित करने की कार्रवाई की गई। जिससे महिला को संभावित अनहोनी घटना से बचाने का दायित्व टीटीई द्वारा निभाया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटारिया ने बताया कि वाणिज्य टिकट चेकिंग स्टाफ यात्रियों की सुरक्षा के साथ-साथ मानवता एवं सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए भी सदैव तत्पर रहता है।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं, (ANGELA KHAN) पुत्री श्री FEROZ KHAN, निवासी मकान नं. 21, बाल विहार, मेडिसिन स्ट्रीट, हमीदिया रोड, भोपाल, पोस्ट-भोपाल, जिला-भोपाल, मध्य प्रदेश-462001, ने अपना नाम बदलकर YUSRA KHAN रख लिया है। भविष्य में मैं सभी शासकीय, गैर-शासकीय एवं अन्य सभी कार्यों में YUSRA KHAN नाम से जानी एवं पहचानी जाऊँगी। 717

आम सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि सूरज प्रकाश आत्मज श्री लाजपत राय निवासी- फ्लैट नंबर 4/1 फर्स्ट फ्लोर शिवा व्हिस्परिंग वुड्स, सलाईया, भोपाल मैं श्रीमान कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट को देशीकरण के लिए आवेदन कर दिया है उक्त आवेदिक को देशीकरण अनुदत्त किए जाने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो तथ्यों सहित लिखित और हस्ताक्षरित् कथन श्रीमान कलेक्टर को 7 दिन के अंदर भेजना चाहिए।

लाजपत राय निवास :फ्लैट नंबर 4/1 फर्स्ट फ्लोर शिवा व्हिस्परिंग वुड्स,सलाईया,भोपाल मध्य प्रदेश मोबाइल 7049317605 718

आम सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि लाजपत राय आत्मज श्री रीझा राम निवासी- फ्लैट नंबर 4/1 फर्स्ट फ्लोर शिवा व्हिस्परिंग वुड्स, सलाईया, भोपाल मैं श्रीमान कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट को देशीकरण के लिए आवेदन कर दिया है उक्त आवेदिक को देशीकरण अनुदत्त किए जाने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो तथ्यों सहित लिखित और हस्ताक्षरित् कथन श्रीमान कलेक्टर को 7 दिन के अंदर भेजना चाहिए।

लाजपत राय निवास :फ्लैट नंबर 4/1 फर्स्ट फ्लोर शिवा व्हिस्परिंग वुड्स,सलाईया,भोपाल मध्य प्रदेश मोबाइल 7049317605 719

आम सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि कांता बाई पत्नी श्री लाजपत राय निवासी- फ्लैट नंबर 4/1 फर्स्ट फ्लोर शिवा व्हिस्परिंग वुड्स,सलाईया,भोपाल मैं श्रीमान कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट को देशीकरण के लिए आवेदन कर दिया है उक्त आवेदिका को देशीकरण अनुदत्त किए जाने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो तथ्यों सहित लिखित और हस्ताक्षरित् कथन श्रीमान कलेक्टर को 7 दिन के अंदर भेजना चाहिए।

लाजपत राय निवास : फ्लैट नंबर 4/1 फर्स्ट फ्लोर शिवा व्हिस्परिंग वुड्स, सलाईया,भोपाल मध्य प्रदेश मोबाइल 7049317605 716

आम सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि चाँदनी राय पुत्री श्री लाजपत राय निवासी- फ्लैट नंबर 4/1 फर्स्ट फ्लोर शिवा व्हिस्परिंग वुड्स, सलाईया, भोपाल मैं श्रीमान कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट को देशीकरण के लिए आवेदन कर दिया है उक्त आवेदिका को देशीकरण अनुदत्त किए जाने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो तथ्यों सहित लिखित और हस्ताक्षरित् कथन श्रीमान कलेक्टर को 7 दिन के अंदर भेजना चाहिए।

लाजपत राय निवास :फ्लैट नंबर 4/1 फर्स्ट फ्लोर शिवा व्हिस्परिंग वुड्स,सलाईया,भोपाल मध्य प्रदेश मोबाइल 7049317605 715

आम सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि सुन्दर दास आत्मज श्री लाजपत राय निवासी- फ्लैट नंबर 4/1 फर्स्ट फ्लोर शिवा व्हिस्परिंग वुड्स, सलाईया, भोपाल मैं श्रीमान कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट को देशीकरण के लिए आवेदन कर दिया है उक्त आवेदिक को देशीकरण अनुदत्त किए जाने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो तथ्यों सहित लिखित और हस्ताक्षरित् कथन श्रीमान कलेक्टर को 7 दिन के अंदर भेजना चाहिए।

लाजपत राय निवास :फ्लैट नंबर 4/1 फर्स्ट फ्लोर शिवा व्हिस्परिंग वुड्स,सलाईया,भोपाल मध्य प्रदेश मोबाइल 7049317605 714

सूडोकु नवताल- 7823

मध्यम

4			9		6	1		8
6	8							
	1	7	3	8		4		
3	4		6		7			9
5		1	8			2		7
2			5		1		8	4
		3		7	5	8	6	
							9	5
7		6	2		8			1

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -7822 का हल

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

2	9	8	3	5	6	1	7	4
4	5	3	2	1	7	9	8	6
7	1	6	4	8	9	2	5	3
8	2	5	6	9	1	3	4	7
3	6	4	7	2	5	8	1	9
1	7	9	8	3	4	5	6	2
5	4	1	9	7	2	6	3	8
6	3	2	1	4	8	7	9	5
9	8	7	5	6	3	4	2	1

काकुरो पहेली - 7496



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 7495 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8893



बाएँ से दाएँ

1. धनुर्धर-2,2
4. तरुणी, नाजनीन-4
7. संतुष्ट होना-5
9. टेलीग्राम-2
11. महोदय (अंग्रेजी-2)
12. कटि, कमरिया-3
14. फटकार, भर्त्सना-4
15. वतन, स्वेदश-4
16. पार होना, पार करना-3
18. विद्रोही-2
19. गरीब, निर्धन-2
21. लोचदार, लचकदार-5
25. पारंपरिक, पुरातन-4
26. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4

ऊपर से नीचे

1. शीघ्रता, जल्दी-3
2. मूल्य, कीमत-2
3. जनता, आम आदमी-2
4. किनारा, कोरा-2
5. इंकार, मनाही-2
6. पानी गर्म करने का यंत्र-3
8. भ्रम, वहम-3
10. साधू, संन्यासी-3,2
11. मुलायम सिंह की राजनीतिक पार्टी-5
12. कपड़े की दीवार-3
13. जिव्हा, जीभ-3
17. रसदार, रसभरा-3
18. कारण, वजह-3
20. नेत्र, लोचन-3
21. बुरी आदत-2
22. एक पड़ोसी देश-2
23. पराया, पंख-3
24. रग, नाड़ी-2

शब्द पहेली -8892 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7335



ऊपर से नीचे:-

१. दिलीप कुमार, वैजयंती की फिल्म-४
२. 'मेरो गाम काथा पारे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'सरकी चुनरिया रे' गीत वाली फिल्म-२
४. डिनो मारिया, बिपाशा बसु की 'रूठ कर हम उन्हें भूल जाने लगे' गीत वाली फिल्म-३
५. फिल्म 'आज का अर्जुन' में 'लक्ष्मी' की भूमिका किस अभिनेत्री ने की थी-३
७. राजेंद्र कुमार, माला सिन्हा की फिल्म-२
९. 'मेरे चेहरे पे' गीत वाली फिल्म-३
११. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३
१२. अमोल, राखी की 'जो राह चुनी तूने राही' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'कभी खुशियों की सरगम' गीत वाली अमिताभ, अरबाज, डिम्पल की फिल्म-४
१६. वी. शांताराम की प्रेमकुमार, मास्टर सुशांत, रंजना, गौरी कामथ अभिनीत फिल्म-२
१७. 'प्यार कर इकरार कर' गीत वाली बॉबी देओल, अक्षय, अमीषा की फिल्म-४
१८. अक्षय कमार, प्रीति जिंटा की फिल्म-३
१९. 'लल्ला लल्ला लोरी दूध की' गीत वाली फिल्म-२
२०. फिल्म 'गॉड मदर' में शीर्षक भूमिका किसने निभाई है-३
२३. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२
२५. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की फिल्म-३
२६. 'जिन्हें हम भूलना चाहें वो अक्सर याद आते हैं' गीत वाली फिल्म-३
२८. मनोज वाजपेई, उर्मिला मातोंडकर अभिनीत रामगोपाल वर्मा की एक सस्पेंस फिल्म-३
३०. 'माई हार्ट इज बीटिंग गीत वाली फिल्म-२

बायें से दायें:-

२२. 'सरकाय लेओ' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-२,२
२४. अनिल कपूर, अक्षय खन्ना, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२६. 'वो कागज की कश्ती' गीत वाली कुमार गौरव, अनामिका की फिल्म-२
२७. संजय दत्त, कुमार गौरव, पूनम की 'तेरे दिल की तू' गीतवाली फिल्म-२
२९. 'मैं लव तुम से' गीत वाली तुषार कपूर, अंतरा माली की फिल्म-३
३१. सुनील दत्त, नूतन की 'बड़ी देर भई नंदलाला तेरी राह तके ब्रजबाला' गीत वाली फिल्म-४
३२. 'दिल हूम हूम करे' गीत वाली राज बब्बर, राखी, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-३
३३. धर्मेंद्र, हेमा मालिनी की 'ओ ऐसी कोई बात' गीत वाली फिल्म-१

फिल्म वर्ग पहेली- 7334



Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग-7429

6	3		4	5		1
	27	7	32		34	
4	2	1		3		7
	33		32		31	
7	5		6	1	2	4
	33	5	31		34	
	5		3		7	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7428 का हल

7	2	1	6	3	5	4
2	25	7	32	4	36	2
1	3	2	4	5	7	6
3	27	6	33	6	39	5
4	5	3	6	1	2	7
5	37	5	31	7	30	3
6	5	4	3	2	7	1

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8449

म	क	मु	ग	ल	दो	चो	र	म	ल	ध
ल	वि	ल	नी	ला	आ	का	श	ह	श	ड़
ल	अ	ल	म	दी	छ	स	आ	दे	ख	क
का	स	न	न	दि	वा	स	रा	ल	श	क
र	आ	दो	प	ल	ज	मे	तू	ग	झ	न
या	क	द	र	ढ़	व	उ	शी	ण	ल्ला	क
ती	या	ल	मी	गां	प	मो	व	सु	जू	बै
क	म	ऊ	रा	द	खा	क	या	ए	श	क
क	त	मे	प	र्द	गी	जि	री	औ	प	य
क	गॉ	ल	प	लि	र	त	ऐ	ओ	प	की
क	ड	रा	जा	जा	नी	स	व्य	ब	प	न

शब्द जाल में धर्मेंद्र की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.दिए गए नाम उपर से नीच एवं तिरछे भी हैं.

अनपढ़, नीला आकाश, मेरा गांव मेरा देश, खामोशी, यकीन, दो चोर, ललकार, राजा जानी, रजिया सुल्तान, कयामत.

शब्दजाल - 8448 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore